
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार,28 अप्रैल 2026

## सुविचार



मनुष्य तब तक शक्तिशाली है जब तक वह किसी शशक्त योजना का प्रतिनिधित्व करता है , और जब वह इसका विरोध करता है तो निर्बल हो जाता हैं। -सिगमंड फ्रायड

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- किसान पथ की सुरक्षा में लगे कैमरे ले गए चोर II
- अनंत नगर योजना में आज से कराएं भूखंडों का पंजीयन III
- कराटे में लखनऊ ओवरऑल चैंपियन IV


## शहर में आज

- जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मांगों को लेकर धरना– 12 :00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko .editor@ amritvichar . com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# गर्मी से मिलेगी कुछ राहत, छाएंगे बादल, बूंदाबांदी होने की संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर के लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने मंगलवार से मौसम में बदलाव और बूंदाबांदी की संभावना जताई है। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इससे एक हफ्ते में तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस गिरावट हो सकती है।

मौसम विभाग अनुसार चल रहीं पुरवा हवाओं के प्रभाव से पारा 2-4 डिग्री सेल्सियस गिरा है, जिससे लखनऊ सहित कई जिलों में लू से राहत मिली है। सोमवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान गिरकर 40.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से .8 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान लगभग 39 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।




दोपहर में नगर निगम के कूलिंग प्वाइंट में आराम करते लोग। अमृत विचार

### नगर निगम मुख्यालय और 1090 चौराहे पर बनाए गए कूलिंग प्वाइंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में बढ़ती गर्मी और हीट वेव से नगर निगम के कूलिंग प्वाइंट आमजन को राहत दिलाएंगे। इस बार अप्रैल माह में ही लू और बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए नगर निगम ने कूलिंग प्वाइंट तैयार किये हैं। इनमें छाया, बैठने के लिए सोफे-कुर्सियां, बेड, पंखे, कूलर, गुड़ और ठंडे पानी का इंतजाम है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय और 1090 चौराहे पर बनाये गए इन कूलिंग प्वाइंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, कामकाजी लोगों और जरूरतमंदों को तेज गर्मी से कुछ राहत प्रदान करना है। पॉलिटेक्निक चौराहा, गोमती नगर पत्रकारपुरम चौराहा, जीएसटी भवन, जीपीओ विधानसभा मार्ग और भार्गव पेट्रोल पंप रोड पर भी इसी प्रकार के कूलिंग पॉइंट्स स्थापित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविन्द कुमार राव और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।



तेज धूप से बचने के लिए दुपट्टे से सिर और चेहरा ढके महिलाएं।

## सिटी ब्रीफ

### अतिक्रमण हटा जब्त किया एक ट्रक सामान

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम ने सोमवार को मुख्य मार्गों, फुटपाथ और नो वेंडिंग जोन में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए। जोन 3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में कपूरथला से पुरनिया चौराहे तक दोनों पटरियों से टेबल, ठेले, गुमटी और काउंटर सहित एक ट्रक सामान जब्त किया। इसके अलावा गंदगी और अतिक्रमण करने पर 12,000 रुपये जुर्माना वसूला।

### सफाईकर्मियों को रोज 422.85 रुपये भुगतान

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम में कार्यदाई संस्थाओं के माध्यम से लगे अकुशल श्रेणी के सफाई श्रमिकों को अब 422.85 रुपये प्रति कार्य दिवस की दर से भुगतान किया जाएगा। इस सम्बंध में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी 2026 को आयोजित नगर निगम सदन में रखे गए न्यूनतम मजदूरी के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी। सदन के इस निर्णय पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने 17 अप्रैल को स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इस निर्णय का नगर निगम के कर्मचारी संगठनों ने स्वागत करते हुए नगर आयुक्त और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### महापौर ने की संपत्ति विभाग की समीक्षा

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को संपति विभाग की समीक्षा बैठक महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने लेखपालों को ग्राम सभा संपति रजिस्टर प्राथमिकता पर तैयार करने के निर्देश दिए। रिकॉर्ड से न केवल संपत्तियों की निगरानी आसान होगी, बल्कि अवैध कब्जों पर भी प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। महापौर ने कहा कि कब्जा हटाने के बाद संबंधित भूमि की तत्काल ताड़बाड़ एवं बायो फेसिंग कराई जाए, जिससे भूमि पर दोबारा अतिक्रमण न हो सके। कहा कि 29 अप्रैल को समीक्षा बैठक होगी, जिसमें अधिकारी रिकार्ड के साथ उपस्थित हों।

### लखनऊ से 417 हज यात्री और रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज-2026 के लिए सोमवार को लखनऊ से सातवीं उड़ान के जरिये 417 हज यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना हुए। यह उड़ान सुबह 9 :40 बजे रवाना हुई। इनमें 224 पुरुष और 193 महिलाएं शामिल थीं। हज पर रवाना होने वालों में सबसे अधिक 47 हज यात्री बलरामपुर के, 38 लखनऊ के, 28 अमेठी के, 27 वाराणसी के और 21 सीतापुर के शामिल हैं। 2 बिहार व 2 छत्तीसगढ़ के यात्री गए हैं। 7वीं उड़ान से 3 स्टेट हज इंस्पेक्टर माजिद हसन व आरिफ हुसैन (बरेली) और मोहम्मद इब्राहीम (बाराबंकी) भेजे गए हैं।

# गर्मी में बढ़े फाल्ट, 2000 घरों में अंधेरा

## देर रात तक सड़कों पर टहलते रहे राम विहार फेस-2, मायावती कॉलोनी व शिवाजीपुरम के लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में केबल फॉल्ट, जंफर उड़ने, पेटीफ्यूज और ट्रांसफार्मर जलने की समस्या बढ़ गई है। ऐसी ही समस्या के चलते सोमवार शाम सुगामऊ उपकेंद्र से जुड़े राम विहार फेस-2, मायावती कॉलोनी, शिवाजीपुरम और आसपास के लगभग 2000 घरों की बिजली गुल हो गई। देर रात तक आपूर्ति शुरू होने के कारण लोग गर्मी के कारण सड़कों पर टहलते रहे।

स्थानीय निवासी एडवोकेट पंकल शुक्ला ने बताया कि शाम 4 बजे से आपूर्ति ठप हो गई थी। उपकेंद्र पर शिकायत करने के बाद 7 घंटे बाद भी सुधार नहीं हुआ। जेई, एसडीओ और एक्सईएन को कई बार फोन भी मिलाया, लेकिन कही से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। तकरोही स्थित शांति नगर कॉलोनी में एक घंटे में पांच बार कटौती हुई, जिससे लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली।

राधा ग्राम पावर हाउस, याहियागंज क्षेत्र में तार जलने के कारण बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। कई इलाके अंधेरे में डूबे रहे और बिजली कर्मियों ने सुबह तक मरम्मत की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। पुराने लखनऊ में भी ब्लैकआउट जैसी स्थिति रही।

सरोजिनी नगर क्षेत्र में कटौती से लोग परेशान रहे। नादरगंज पावर हाउस से जुड़े तीन नंबर बाग वीआईपी तिराहा इलाके में भी सुबह से कई बार गई। बिजली संकट का असर आम जनजीवन के साथ-साथ व्यापार पर भी पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से उनका व्यापार चौपट हो रहा है। समस्या के बाबत अवर अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता को कई फोन किया गया, लेकिन जिम्मेदारों का फोन नहीं उठा।




इंदिरा नगर पावर हाउस पर स्मार्ट मीटर के विरोध में नारेबाजी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### बिजली कनेक्शन के लिए रिश्वत मांगने वाला जेई निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजली कनेक्शन देने के बदले 1.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में जेई नीलेश सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मालवीय नगर गुडशेड रोड निवासी उपभोक्ता राज कुमार वर्मा ने 9 अप्रैल को 24 केवीए के नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। सर्वे के नाम पर उन्हें अलग-अलग नंबरों से कॉल आने लगे। 18 अप्रैल को जेई नीलेश सिंह ने उन्हें अपने कार्यालय बुलाया और कनेक्शन पास कराने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि जब उपभोक्ता ने पैसे देने में आनाकानी की, तो जेई ने एस्टीमेट का दबाव बनाकर डराने की कोशिश की। यहां तक कहा कि वह पूरी रकम में सरकारी शुल्क भी खुद जमा कर देगा और तुरंत प्रक्रिया पूरी करा देगा। पीड़ित ने पैसे का इंतजाम कर आने को कहकर मौके से निकल गए। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) केके चौधरी ने मंगलवार को आरोपी जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान उसे अधिशासी अभियंता, नेटवर्क एनालिसिस कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

### स्मार्ट मीटर से परेशान महिलाओं ने घेरा इंदिरा नगर पावर हाउस

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्मार्ट मीटर के विरोध में सोमवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेंस एसोसिएशन (एडवा) के बैनर तले इंदिरा नगर सेक्टर-25 पावर हाउस पर बस्तौली, समौद्दीपुर, लवकुश नगर और गाजीपुर बस्तियों की सैकड़ों महिलाओं ने प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि बिना सहमति के डराकर-धमकाकर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल अधिक आ रहा है। प्रदर्शन के दौरान पावर हाउस कर्मचारी कार्यालय में ताला लगाकर गायब हो गए। बाद में जूनियर इंजीनियर ने पहुंचकर ज्ञापन लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व एडवा की मधु गर्ग, वंदना राय, सुशीला, सुनीता, मीरा और अफसाना ने किया। उन्होंने कहा कि पहले जहां 500 रुपये तक का बिल आता था, अब वह 1500 से 2000 रुपये तक पहुंच गया है, वहीं कुछ मामलों में 1500 रुपये का बिल बढ़कर 5000 रुपये तक हो गया है।

# तपती धूप में बिजली के खंभों से दूर रहें, करंट का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ता जा रहा है। तापमान में इजाफे के कारण बिजली की खपत बढ़ी है, जिससे तारों और ट्रांसफार्मरों पर लोड ज्यादा पड़ रहा है। नतीजतन कई स्थानों पर बिजली के तार जलने और ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि कुछ बिजली घरों पर पावर ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर तक लगाए जा रहे हैं। इसी बीच जर्जर तारों और लोहे के खंभों में करंट आने की घटनाएं भी लोगों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। सड़क किनारे लगे पुराने खंभे और ढीले तार कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। नादरगंज क्षेत्र के रमेश के अनुसार, 11 केवी लाइन के नीचे सुरक्षा गार्ड न होने से तार टूटकर वाहनों पर गिरने का खतरा बना रहता है। चिनहट के लौलाई इलाके में तो हालात और भी चिंताजनक हैं, जहां 400 केवीए ट्रांसफार्मर के पास ही लोग पान की दुकान चला रहे हैं। ट्रांसफार्मर से तेल रिसाव भी हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। वहीं निलमथा के मुख्य चौराहे पर 11 केवी तार सड़क पर पड़े हैं, जिनके ऊपर से लगातार वाहन गुजर रहे हैं। बिजली विभाग ने इन खतरों को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य अभियंता अमौसी जोन ने बताया कि बिजली तारों के पास बने घरों को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

### इन बातों का ध्यान रखें

- एचटी लाइन से कम से कम दो मीटर दूरी पर ही छज्जा बनाएं
- एलटी लाइन पर किसी भी तरह का पाइप न लगाएं
- तार ढीला दिखे तो तुरंत पावर हाउस को सूचना दें
- गर्मी में बिजली के खंभों और तारों से दूरी बनाए रखें
- जानवरों को खंभों के पास न बांधें
- जर्जर 11 केवी तारों के पास वाहन खड़ा न करें

# केजीएमयू में छेड़छाड़ करने वाले डॉक्टर की नौकरी गई

- पांच सदस्यीय समिति की जांच में आरोप पाए गए सही
- लापरवाही पर वार्ड आया को भी किया गया बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड के दौरान महिला मरीज से छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर को नौकरी से हटा दिया गया है। संबंधित डॉक्टर की तैनाती पीपीपी मॉडल के तहत मशीन संचालन के लिए निजी एजेंसी से हुई थी। मामले के तूल पकड़ने के बाद विभागीय प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई की।

काकोरी निवासी एक महिला एक अप्रैल को इलाज के लिए केजीएमयू पहुंची थी। डॉक्टर की सलाह पर वह अल्ट्रासाउंड जांच के लिए यूरोलॉजी विभाग गई, जहां उसने एजेंसी के जरिए तैनात आयुष डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पीड़िता ने विभागाध्यक्ष को लिखित शिकायत दी, लेकिन शुरुआती दिनों में मामले को दबाए रखने की कोशिश की गई। लगातार संघर्ष के बाद प्रशासन हरकत में आया और पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। जांच समिति ने पीड़िता के बयान सहित अन्य साक्ष्यों की समीक्षा की, जिसमें आरोप सही पाए गए। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर आरोपी डॉक्टर को हटा दिया गया है। साथ ही, नियमों के तहत अल्ट्रासाउंड के दौरान महिला वार्ड आया की उपस्थिति अनिवार्य होती है, लेकिन इसमें लापरवाही बरती गई। इस कारण ड्यूटी पर तैनात वार्ड आया को भी नौकरी से निकाल दिया गया।

### पीपीपी मॉडल पर उठे सवाल

केजीएमयू के रेडियोलॉजी विभाग में पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद होने के बावजूद यूरोलॉजी विभाग में लंबे समय से पीपीपी मॉडल पर अल्ट्रासाउंड और अन्य मशीनों का संचालन किया जा रहा है। इस व्यवस्था में निजी कंपनियां मशीनों का संचालन करती हैं, जिससे उनकी आय तो बढ़ रही है, लेकिन संस्थान को अपेक्षाकृत कम लाभ मिल रहा है।सवाल उठ रहा है कि इन मशीनों पर जांच करने वाले कर्मियों की योग्यता और निगरानी को लेकर पर्याप्त सतर्कता क्यों नहीं बरती जा रही। इस घटना के बाद पीपीपी मॉडल की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

### महिला अधिवक्ता से पड़ोसियों ने की बदसलूकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर इलाके में रहने वाली एक महिला अधिवक्ता ने पड़ोसियों के खिलाफ अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट गाजीपुर थाने में दर्ज कराई है। महिला अधिवक्ता ने बताया कि वह पिछले आठ वर्ष इंदिरानगर ए ब्लॉक के एक मकान में किराये पर रहती हैं। उसी भवन को लेकर सिविल विवाद के कारण दूसरा पक्ष डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी व उनके बेटे लगातार परेशान कर रहे हैं। आरोपी दंपति के बेटे उस पर लगातार अश्लील टिप्पणी करते हैं। उसके वीडियो बनाते हैं। गालियां देते हैं। इतना ही नहीं, उनके चरित्र पर भी आपत्तिजनक आरोप लगाए गए। महिला अधिवक्ता ने बताया कि उनकी रेकी की जा रही है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि उनके फोटो और वीडियो का दुरुपयोग कर उन्हें बदनाम किया जा सकता है। घटना के बाद उन्होंने महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने इस संबंध में गाजीपुर थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

# ठाकुरद्वारा मोहल्ले की सफाई कराए नगर निगम

- जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया अधिकारियों को आदेश
- अगली सुनवाई के पहले डंपिंग यार्ड हटाने को भी कहा

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ठाकुरद्वारा मोहल्ले की साफ-सफ़ाई व आवारा जानवरों को हटाने का आदेश नगर निगम, लखनऊ को दिया है। न्यायालय ने उक्त इलाके की तस्वीरें देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि सड़कें कूड़े से पटी हुई हैं और ऐसा लगता है कि लंबे समय से उक्त क्षेत्र की साफ-सफ़ाई नहीं हुई है। न्यायालय ने अगली सुनवाई तक साफ-सफ़ाई करने तथा वहां के आवासीय इलाके से डंपिंग यार्ड हटाने के संबंध में कदम उठाने के आदेश नगर निगम को दिए हैं।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सैयद अली हसन आबिदी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि आवासीय इलाके में कूड़ा जमा किया जा रहा है, जिससे आसपास के निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। वहीं नगर निगम के अधिवक्ता ने दलील दी कि वहां के निवासी डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण योजना का पालन नहीं कर रहे हैं। हालांकि न्यायालय इससे सहमत नहीं हुई और कहा कि सिर्फ निवासी ही जिम्मेदार नहीं प्रतीत हो रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की गई है।

मिलेगी राहत | आर्थोपैडिक्स विभाग में आठ करोड़ रुपये की लागत से अमेरिकी निर्मित रोबोट किया गया स्थापित

# केजीएमयू में रोबोटिक तकनीक से किया जाएगा घुटने का प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब संस्थान में रोबोटिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) की सुविधा शुरू होने जा रही है। आर्थोपैडिक्स विभाग में करीब आठ करोड़ रुपये की लागत से अमेरिकी निर्मित रोबोट स्थापित कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार आर्थोपैडिक्स विभाग के अधिकांश डॉक्टरों को रोबोटिक सर्जरी के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि अभी तक केजीएमयू में पारंपरिक ओपन सर्जरी के जरिए घुटना प्रत्यारोपण किया जा रहा है। जिसमें प्रति ऑपरेशन लगभग 1.10 लाख रुपये का खर्च आता है। हर महीने यहां 70 से 80 मरीजों के घुटनों का प्रत्यारोपण किया जा रहा है।

कुलपति ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी सभी मरीजों के लिए जरूरी नहीं होगी। मरीज की शारीरिक स्थिति, हड्डियों की बनावट और बीमारी की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए ही यह तय किया जाएगा कि किसे इस तकनीक से ऑपरेशन की आवश्यकता है। अधिक सटीकता वाले मामलों में ही रोबोटिक सर्जरी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस नई सुविधा के शुरू होने से न केवल ऑपरेशन की सटीकता बढ़ेगी, बल्कि मरीजों को बेहतर परिणाम और तेजी से रिकवरी की उम्मीद भी मिलेगी।

### डॉक्टरों को कैडैवर पर सिर के जटिल ऑपरेशन की बारीकियां सिखाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के न्यूरो सर्जरी विभाग ने खोपड़ी के निचले हिस्से (स्कल बेस) ट्यूमर सर्जरी को और सुरक्षित बनाने की दिशा में अहम पहल की है। विभाग की ओर से एनॉटमी विभाग में विशेष कार्यशाला आयोजित कर डॉक्टरों को कैडैवर (शव) पर सिर के जटिल ऑपरेशन की बारीकियां सिखाई गईं। न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बीके ओझा ने बताया कि स्कल बेस दिमाग का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा होता है, जहां आंखों की रोशनी, चेहरे की हरकत, बोलने और निगलने से जुड़ी महत्वपूर्ण नसें और बड़ी रक्त वाहिकाएं मौजूद होती हैं। इस क्षेत्र में होने वाले ट्यूमर जैसे पिट्यूटरी ट्यूमर, मेनिन्जियोमा और श्वान्नोमा का ऑपरेशन बेहद सावधानी से करना पड़ता है। छोटी सी चूक भी मरीज के लिए गंभीर परिणाम जैसे दृष्टि हानि, चेहरे का लकवा या बोलने-निगलने में दिक्कत का कारण बन सकती है। डॉ. अंकुर बजाज के अनुसार कार्यशाला में डॉक्टरों को लाइव सर्जरी जैसी ट्रेनिंग दी गई, जिसमें विशेष रूप से तैयार किए गए छह कैडैवर का उपयोग किया गया। आमतौर पर एक ही कैडैवर पर प्रशिक्षण होता है, लेकिन यहां हर डॉक्टर को व्यक्तिगत अभ्यास का अवसर दिया गया। प्रशिक्षण की खास बात यह रही कि एक विशेष तकनीक के तहत धमनियों में लाल और शिराओं में नीले रंग की सिलिकॉन डाई भरी गई, जिसे अमेरिका से मंगाया गया था। इस तकनीक से शरीर के अंदर की नसें और रक्त वाहिकाएं वास्तविक ऑपरेशन जैसी दिखाई देती हैं, जिससे जटिल संरचनाओं को समझना आसान हो जाता है। डॉ. अक्षय आनंद ने बताया कि इस तरह की उन्नत ट्रेनिंग से डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान अधिक सटीकता और सावधानी के साथ काम कर पाते हैं। इसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा। इससे ऑपरेशन के बाद होने वाली जटिलताओं का जोखिम कम होगा और उपचार की सफलता दर में सुधार आएगा।



केजीएमयू के एनॉटमी विभाग में विशेष कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर।

# दो वर्ष काम कर भरोसा जीता फिर ले उड़ी लाखों के जेवर

## नौकरानी ने 10 सोने की चूड़ियां और सोने की अंगूठी पर हाथ किया साफ, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सआदतगंज के भोलानाथ कुआं निवासी तलत खान के घर में काम करने वाली नौकरानी ने लाखों रुपये के जेवर साफ कर दिए। गांव जाने के बहाने से छुट्टी लेकर लापता हो गई। तलत के मुताबिक दो वर्ष तक काम करके भरोसा जीतने के बाद घटना को अंजाम दिया। जानकारी होने पर सआदतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भोलानाथ कुआं निवासी तलत खान के मुताबिक उनके घर में पिछले करीब दो सालों से नसीमुन उर्फ कल्लो नाम की महिला झाड़ू-पोछा और बर्तन धोने का काम करती थी। घर की पहली मंजिल के कमरे में किताबों की अलमारी में एक पर्स के अंदर 10 सोने की चूड़ियां और एक सोने की अंगूठी रखी थी। ईद के दिन 21 मार्च की सुबह करीब 8 बजे नसीमुन ईदी और वेतन लेने घर आई थी। रुपये लेने के बाद वह ऊपर के कमरे में सफाई करने के लिए अकेले गई। वह करीब 40-50 मिनट बाद ऊपर के कमरे से नीचे आई। बोली कि 15 दिन के लिए गांव जा रही है। इसके बाद वह जल्दी से घर से निकल गई। ईद के तीसरे दिन उनकी बेटी ससुराल से आई और चूड़ियां और अंगूठी मांगने लगी। जब वह अलमारी से जेवर निकालने पहुंचीं तो पर्स खाली मिला। उसमें रखी चूड़ियां और अंगूठी गायब थी। शक होने पर उन्होंने नसीमुन को कॉल किया, लेकिन मोबाइल बंद आ रहा था।

नौकरानी की बेटी को फोन मिलाकर बात की, तो उसने कहा कि उसकी मां अब लखनऊ काम करने नहीं आएगी और बार-बार फोन न करें। काफी समय बीतने के बाद भी नसीमुन वापस काम पर नहीं लौटी। इससे संदेह हो गया कि चोरी उसी ने की। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष आर्या के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मिया बाय तनिष्क शोरूम से ढाई लाख की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ**: विभूतिखंड के विजयपुर अंडर पास स्थित एक्सपीरियन मॉल में मिया बाय तनिष्क का शोरूम से चोरों ने ढाई लाख रुपये चोरी कर लिए। रिशिता मैनहट्टन निवासी फ्रेंचाइजी के प्रतिनिधि सुशील कुमार तिवारी ने रविवार को थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सुशील ने बताया कि शनिवार की रात करीब 2.15 बजे एक अज्ञात किशोर उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुआ। सुरक्षा अलार्म बजने के कारण वह तुरंत वहां से चला गया। परंतु लगभग 2:27 बजे वह दोबारा आया दुकान में प्रवेश किया और कैश काउंटर में रखी पिछली दिन की नकदी राशि 2,45,758 चोरी कर ली। घटना की जानकारी फायर पैनल से जुड़े सुरक्षा अलार्म के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर दुकान पर पहुंचा। शटर करीब डेढ़ फीट खुला था। लॉक टूटा था। पुलिस को सूचना दी। इसके बाद स्टॉफ सदस्य राजमणि तिवारी, शुभम उपाध्याय व अंकित मिश्रा को बुलाया। शटर खोलकर अंदर के स्टॉक को मिला। जांच में सारा सामान सुरक्षित पाया गया। सिर्फ नकदी ही चोरी पाई गई। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। शोरूम के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है।

### ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ** : कैसरबाग के मकबूलगंज निवासी दीपक श्रीवास्तव के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का माल साफ कर दिया। दीपक के मुताबिक 23 अप्रैल को उनके ससुराल में मुंडन संस्कार था। 22 अप्रैल को वह घर से ऑफिस गये। वहीं, पत्नी गोमतीनगर स्थित मायके चली गईं। देर शाम को वह भी ससुराल ही चले गये। दूसरे दिन 23 अप्रैल को सीतापुर स्थित नैमिष में मुंडन कराने पूरे परिवार के साथ गये थे। 25 अप्रैल को मकबूलगंज घर पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा और सारा सामान बिखरा था। अंदर आलमारी व लॉकर से जेवर व नकदी गायब थे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्रा के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### हॉस्टल से लैपटॉप व सामान ले गए

**अमृत विचार, लखनऊ**: अलीगंज स्थित ब्वाय हॉस्टल में घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लैपटॉप समेत कई सामान साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। देवरिया के भटनी निवासी अश्वनी कुमार लखनऊ यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। अलीगंज के सेक्टर सी में स्थित एक बॉयज हॉस्टल में रहते हैं। शुक्रवार को घर गए अश्वनी रविवार को लौटे तो कमरे के दरवाजे पर लगा ताला गायब था। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। कमरे से तीन टैबलेट, एक लैपटॉप, 20 जोड़ी कपड़े व अन्य सामान के साथ ही जूते तक गायब थे। इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किसान पथ की सुरक्षा में लगे कैमरे ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में किसान पथ की सुरक्षा के लिए लगाए गए कैमरे अराजकतत्व चोरी कर ले गए, कुछ कैमरे तोड़ भी डाले।

एनएचआई के निर्देश कैमरे क्वालिक्स इन्फॉर्मेशन सिस्टम एलएलपी ने लगवाए थे। क्वालिक्स इन्फॉर्मेशन सिस्टम एलएलपी के अधिकारी सुशील कुमार के मुताबिक 23 अप्रैल को सूचना मिली की किसान पथ पर चेनज (95150 LHS, 99100 LHS, 100100 LHS) पर लगे कैमरा पोल को अराजकतत्वों ने गिरा दिया है। जांच में पाया गया कि कैमरा पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। सारे उपकरण भी टूट गये हैं। मौके से कुछ उपकरण भी चोरी हो गये थे। क्षतिग्रस्त उपकरणों में पांच सोलर पैनल, 6 सोलर पैनल स्टैंड, 2 पीटीजेड कैमरा, दो क्लैंप, 3 एलआईयू, दो स्विच, 3 कैमरा पोल, ओएफसी व पावर केबल 300 मीटर, 3 फाउंडेशन, 3 सोलर चार्ज कंट्रोल शामिल हैं। वहीं अराजकतत्वों ने एक सोलर पैनल, एक पीटीजेड कैमरा, एक क्लैंप, चार्ज कंट्रोलर, डीसी कंट्रोलर, डीसी कन्वर्टर, पेच कार्ड, एमसीबी, बैटरी लाइटनिंग अरेस्टर चोरी कर लिया है। इसके कारण कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### महिला का झाला उड़ाया

अमृत विचार, काकोरी : उन्नाव के सफीपुर निवासी मधुरानी बुआ के बेटे घर में शादी में शामिल आई थी। सोमवार सुबह बुद्धेश्वर चौराहा गई थी। वहां बुर्का पहनकर टप्पेबाज महिला ने झाला गिरने का झांसा दिया और झाला उतार कर अपने पास से पर्स निकालाकर उसमें रखकर मधुबनी को दे दिया। बाद में मधुरानी ने पर्स चेक किया तो झाले गायब थे। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि है। अगर तहरीर प्राप्त होती है तो कार्रवाई जरूर की जाएगी।

## किशोरी को घर बुलाकर देवर से कराया दुष्कर्म

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज पुलिस ने सोमवार को एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला कि बच्चे को खिलाने के बहाने से किशोरी को अपने घर बुलाती थी। रुपये का लालच देकर देवर से किशोरी का दुष्कर्म कराती। विरोध करने पर किशोरी की पिटाई करती थी। पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी चौक राजकुमार सिंह के मुताबिक ठाकुरगंज इलाके में रहने वाली समीरा उर्फ सहरीन के घर पड़ोस में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी अक्सर आती थी। रविवार को समीरा ने बच्चा खिलाने के बहाने से किशोरी को अपने घर बुला लिया। फिर देवर दानिश को कॉल कर किशोरी के घर आने की सूचना दी। कुछ ही देर में दानिश पहुंच गया। किशोरी के साथ दानिश अश्लील हरकतें करने लगा। आरोपियों ने किशोरी को रुपये देने का लालच दिया। न मानने पर दानिश ने किशोरी से दुष्कर्म किया। विरोध पर आरोपियों ने पीड़िता को पीटा और गाली-गलौज की। आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़ित किशोरी घर पहुंची। परिजन को पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोपियों के खिलाफ रविवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सिटी ब्रीफ

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, माल** : माल के भद्राही गांव में रविवार रात रामू रावत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन ने बिना पुलिस को सूचना दिये अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक रामू तीन बच्चों का पिता था। रामू शनिवार को रहीमाबाद के तिलक खेड़ा गांव स्थित सुसराल से घर वापस आया था। रविवार की रात को काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजन को चिंता हुई। परिजन कमरे में पहुंचे तो फंदे पर लटका मिला। परिजन ने बिना पुलिस को सूचना दिए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी प्रेमा सहित तीन बच्चे हैं। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।

### खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ** : चिनहट के मटियारी निवासी आकर्ष मिश्रा ने 21 अप्रैल की रात में खुदकुशी कर ली थी। पिता राजेश चंद्र मिश्रा ने दोस्त आकांक्षा वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें ब्लैकमेलिंग और धमकी देने का आरोप लगाया गया है। मूलत: बस्ती के बेलसड़ निवासी राजेश के मुताबिक बेटा आकर्ष मटियारी स्थित आस्थानगर में रहता था। उसकी दोस्ती आकांक्षा वर्मा से थी। आरोप है कि आकांक्षा लगातार आकर्ष को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। 21 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उसने आकर्ष को फोन कर धमकी दी। उसने दबाव बनाकर एक लाख रुपये का लोन करवाया था। जिसकी किस्तें आकर्ष भर रहा था। इसी बात पर हुई लड़ाई के बाद आकर्ष ने खुदकुशी कर ली। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है।

### किशोरी को भागा ले जाने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ** : गोमतीनगर पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को सोमवार को विकासखंड-4 स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट व एक अन्य धारा बढ़ाई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है। गोमतीनगर इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने 21 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि विरामखंड-4 निवासी अयान सिद्दिकी उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी।

### चोरी के आरोप में किशोर को बांधकर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ** : हजरतगंज स्थित बालू अड्डे के पास सड़क किनारे दुकान में चोरी के आरोप में मोहल्ले वालों ने किशोर को पकड़ लिया। उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध दिये और जमकर धुनाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को साथ लेकर गई। पूछताछ कर रही है। मामले से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि चोरी के प्रयास में किशोर दुकान में घुसा था। उसी समय लोगों ने पकड़ लिया। दोनों पक्षों में समझौता हो गया। एसीपी हजरतगंज ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

### चोरी के पांच वाहन के साथ दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, आलमबाग** : कृष्णानगर पुलिस ने वाहन चोरों के गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के दो सदस्यों को दबोचा है। उनके पास से चोरी के पांच वाहन बरामद किये हैं। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में कानपुर चकेरी देवीगंज रामादेवी का शैलेंद्र और दुबग्गा बेगरिया का नितेश कुमार शामिल है। शैलेंद्र ने आसरा कालोनी पारा में अपना ठिकाना बनाया था। आरोपियों के निशानदेही पर किराए के कमरे के पास खड़ी पांच वाहन बरामद किया। इसमें दो ई-रिक्शा व तीन बाइक शामिल है। शैलेंद्र पर लखनऊ के कई थानों में 10 मामले दर्ज हैं। वह कृष्णानगर थाने से ही दो बार जेल जा चुका है।

### भवन निर्माण करा रहे भाइयों पर हमला

**अमृत विचार, लखनऊ** : गुडंबा के बहसा गढ़ी गांव में शनिवार की रात को दबंगों ने भवन निर्माण करा रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया। बीच बचाव में आये उसके भाई को भी पीट दिया। हमले में व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। बहसा गढ़ी निवासी विवेक दयाल के मुताबिक शनिवार की रात को वह अपने मकान का निर्माण करा रहे थे। इसी बीच लवकुश वर्मा, रेखा वर्मा, अमरीश अपने आधा दर्जन साथियों के साथ हमला कर दिया। भाई अशीष दयाल व उसे गंभीर चोटें आई। भाभी नीतू ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया।









कमता तिराहे पर किए गए ट्रैफिक डायवर्जन का सुबह डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने निरीक्षण कर ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को व्यवस्था सुचारु बनाए रखने का आदेश दिया। कुछ देर तक पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे, उल्टी दिशा से आने वाले वाहनों को लौटाते रहे, लेकिन दोपहर में धूप तेज होने पर पुलिसकर्मियों के सुस्त पड़ने और यातायात का दबाव बढ़ने पर भीषण जाम लग गया। जाम में एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही। अमृत विचार

## दबंगों ने महिला सब्जी विक्रेता को पीटा

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णानगर के संभरखेड़ा में दबंगों ने दुकान लगाने को लेकर महिला सब्जी विक्रेता को पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। दुकान लगाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक संभरखेड़ा निवासी महिला सब्जी की दुकान चलाती है। शनिवार रात 9 बजे गोविंद उसकी दुकान पर पहुंचा और गालियां देने लगा। विरोध करने पर हमला कर दिया। ग्राहकों ने बीच-बचाव किया तो उनसे भी उलझ गया। हमले में महिला को गंभीर चोटे आई हैं। वह अपनी जान बचाकर भागी तो आरोपी पीछा कर रास्ते में पकड़ लिया। सड़क पर गिराकर उसकी पिटाई की। इस दौरान उसके कपड़े फाड़े और अभद्रता की। धमकाया कि दुकान लगाया तो जान से मार देगा। उसी रात गोविंद ने उनके घर पर हमला कर दिया। डंडे से उसका दरवाजा तोड़ दिया।

# संदिग्ध परिस्थिति में बीटेक छात्रा की मौत

- परिजन ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजनौर के सीमा सिटी कालोनी में रहने वाली बीटेक छात्रा वैष्णवी (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फ्लैट में फंदे से लटका मिला। परिजन के मुताबिक सामने रहने वाले युवक ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। उसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्रा के मोबाइल से पिता का नंबर निकालकर घटना की सूचना दी। पिता ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अयोध्या के कटरौली स्थित रौनटी गांव निवासी अमर बहादुर यादव की हार्डवेयर की दुकान है। परिवार में पत्नी आशा यादव और चार बच्चे है। दो बेटे आर्यन, आर्य और दो बेटी वैष्णवी व चहक है। अमर बहादुर के मुताबिक बड़ी बेटी वैष्णवी बिजनौर के सीमा सिटी कॉलोनी में रहकर बीटेक फाइनल की छात्रा थी। साथ ही वह निजी कंपनी में नौकरी भी करती थी। रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बिजनौर पुलिस ने बेटी के नंबर से फोन किया।

पुलिस ने बताया कि वैष्णवी ने आत्महत्या कर ली है। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग बिजनौर पहुंचे। पिता ने हत्या की आशंका जाहिर की है। कहा कि सामने वाले फ्लैट में रहने वाले युवक को कैसे जानकारी हुई कि वैष्णवी ने फंदा लगा लिया है। पुलिस से मामले की सही से जांच करने की मांग की है। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया कि वैष्णवी की शादी तय हो चुकी थी। पर, वह शादी करने को तैयार नहीं थी। आशंका है कि इसी कारण उसने खुदकुशी की है।

# मकान में आग लगी, एसी में धमाका

- आईटी मेट्रो स्टेशन के पास रविवार हुआ हादसा, दो गाड़ियों ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महानगर स्थित आईटी मेट्रो स्टेशन के पास स्थित मकान में रविवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आते ही एसी धमाके के साथ फट गया। आग की लपटें निकलती देख परिवार के लोग घर के बाहर भाग निकले। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जुट गये। अग्निशमन व पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर स्टेशन हजरतगंज की दो गाड़ियों ने आग पर आधे घंटे में काबू पा लिया।

महानगर के आईटी मेट्रो स्टेशन के पास धनश्याम दास अग्रवाल परिवार के साथ रहते है। सोमवार को सुबह परिवार के सभी लोग कमरे में मौजूद थे। अचानक एसी में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। जबतक परिजन कुछ समझ पाते कि आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। धनश्याम परिवार के साथ कमरे से बाहर निकले। इस बीच अचानक एसी फट गया। एक जोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकले। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें बढ़ती जा रही थी। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर आग की सूचना दी। आग की जानकारी मिलते ही महानगर पुलिस और हजरतगंज फायर स्टेशन की दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने फौरन राहत कार्य शुरू कर दिया। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। हजरतगंज एफएसओ रामकुमार रावत ने बताया कि आग मकान के नीचे के हिस्से में लगी थी। गनीमत रही की आग की चपेट में आने से कोई जनहानि नहीं हुई। मकान में रखा फर्नीचर और अन्य सामान जल गया। प्रारंभिक जांच में एसी में हुए शॉर्टसर्किट से आग की आशंका जताई जा रही है।

### प्रॉपर्टी डीलर ने जमीन पर किया कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ** : इंदिरानगर के रसूलपुर सादात निवासी अवशीष कुमार उर्फ बउवा की जमीन पर प्रॉपर्टी डीलर ने फर्जी तरीके से कब्जा कर लिया। पीड़ित ने गाजीपुर एसीपी से शिकायत की। जांच के बाद इंदिरानगर थाने में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अवशीष कुमार उर्फ बउवा के मुताबिक उनकी पैतृक भूमि खसरा संख्या 239 और 712 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खसरा संख्या 712 को पहले उपजिलाधिकारी बख्शी का तालाब द्वारा निष्क्रांत संपत्ति घोषित किया गया था। जिस पर बाद में न्यायालय में वाद दायर हुआ और उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने 2013 में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। आरोप है कि एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा परिवार के अशिक्षित सदस्यों को बहला-फुसलाकर जमीन के फर्जी बैनामे कराए गए। बाद में कथित तौर पर कूटरचना कर खसरा संख्या बदलकर उनकी हिस्से की जमीन को भी विक्रय दिखा दिया गया। इसी आधार पर वर्ष 2022 में दो और फर्जी विक्रय विलेख तैयार किए गए। इसके बाद प्रॉपर्टी डीलर रतन लालवानी अपने साथियों के साथ उनकी जमीन पर 4 सितंबर 2025 को कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी दी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। इंस्पेक्टर इंदिरानगर अजय नारायण सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**अपराध**

साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस कर रही जांच

# रिटायर्ड अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर 84 .50 लाख ठगे


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जानकीपुरम के सेक्टर-जी निवासी बदरुद्दीन अंसारी को 29 दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर जालसाजों ने 84.50 लाख रुपये ठग लिए। बदरुद्दीन वित्त विभाग के रिटायर्ड अधिकारी हैं। जालसाजों ने उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाते हुए डिजिटल अरेस्ट किया। इसके बाद एनआईए, एटीएस व अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी बन बातचीत कर धमकी दी। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

जानकीपुरम के सेक्टर-जी निवासी बदरुद्दीन अंसारी वित्त विभाग के रिटायर्ड अधिकारी हैं। उनके मुताबिक 7 मार्च को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लखनऊ पुलिस मुख्यालय का सीनियर इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा बताया। उसने कहा कि पुणे में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में उनका नाम सामने आया है। उनके नाम से एचडीएफसी बैंक में फर्जी खाता खोलकर अवैध लेनदेन किया गया है। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबरों और सिग्नल एप के जरिए खुद को एनआईए, एटीएस और अन्य एजेंसियों का अधिकारी बनकर साइबर जालसाजों ने उन्हें कॉल किया। जालसाजों ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट, आरबीआई और अन्य जांच एजेंसियों के फर्जी दस्तावेज भेजे। गिरफ्तारी और कार्रवाई का डर दिखाकर उनके बैंक अकाउंट में मौजूद रुपयों को जांच के नाम पर अपने बताए गए खाते में भेजने को कहा।

### चार बार में जमा कराये रुपये

पीड़ित के मुताबिक साइबर जालसाजों के दबाव बनाने पर उन्होंने 11 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक खाते से 45 लाख रुपये, 12 मार्च को 4.50 लाख रुपये और 13 मार्च को 5 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 4 अप्रैल को एसबीआई खाते से 30 लाख रुपये पीड़ित ने और ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने कुल 84 .50 लाख रुपये साइबर जालसाजों के दिए बैंक अकाउंट्स में ट्रांसफर किए। यह रकम उन्होंने रुपये ज्वेलिन इंटरप्राइसेस, फरहान, विशाल मेघवात और अभिजीत भौमिक नाम के खातों में ट्रांसफर किए थे। घटना के बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में भी शिकायत की। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



### पुलिस ने 27 लाख कराए फ्रीज

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक जिन बैंक खातों में रकम भेजी गई है। उनकी डिटेल खंगाली जा रही है। ट्रांजेक्शन ट्रेल के आधार पर साइबर जालसाजों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि साइबर जालसाजों के कुछ बैंक अकाउंट के बारे में जानकारी मिली है। पीड़ित के 27 लाख रुपये फ्रीज करा लिए गए हैं। प्रयास किया जा रहा है कि इन रुपयों को वापस कराया जा सके।

### मोबाइल हैककर खाते से उड़ाये 15 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम निवासी मोहम्मद कारिब का मोबाइल हैककर जालसाजों ने खाते से 15 हजार रुपये निकाल लिये। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। मो. कारिब के मुताबिक उनका खाता बैंक ऑफ इंडिया में है। 14 मार्च को उनका मोबाइल हैक कर लिया गया। उनके नेवी एप के माध्यम से भुगतान किया गया। इसकी एक घंटे बाद जब बैलेंस चेक किया तो जानकारी हुई। हैकर का नाम करण सिंह है। उसके यूपीआई आईडी में लेनदेन किया गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खाना खाने जा रहे युवक को दबंगों ने किया अधमरा

**अमृत विचार, लखनऊ** : शहीद पथ स्थित एएस मेडिकल के पास खाना खाने जा रहे रायबरेली के राजीव तिवारी पर दबंगों ने जानलेवा हमला किया। राजीव ने तहरीर में बताया कि वह शनिवार को वाराणसी निवासी दोस्त आरव सिंह और युवराज यादव के साथ बाइक से एएस मेडिकल के पास के खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान अविरल श्रीवास्तव, चंदन सिंह, अमन यादव, विवेक पाठक, संदीप दुबे, मोहसीन खान, कुनाल पांडेय उर्फ साहिल पांडेय, सिद्धार्थ सिंह, अनूप सिंह, व्योभ दीक्षित, नितीश यदुवंशी ने 10-15 साथियों के साथ पत्थर, रॉड, चाकू व बंदूक की बट से हमला किया। जिसमें वह बेसुध होकर गिर गए।

## सिटी ब्रीफ

### एकेटीयू में होगा पूरे राष्ट्रगीत का गायन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रगीत वंदेमातरम का गायन विभिन्न अवसरों पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध संस्थाओं में पूरा गाया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और केंद्रीय गृहमंत्रालय की ओर से जारी दिशानिर्देश के अनुसार विश्वविद्यालय ने अपने संबंधित समस्त संस्थाओं को निर्देश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रगीत वंदेमातरम का प्रथम खंड ही अब तक गाया जाता था। जिसे अब पूरा गायन करने का आदेश केंद्र सरकार की ओर से जारी किया गया है। इसे निर्धारित 3 मिनट और 10 सेकेंड में गाया जाएगा। बंकीम चंद्र चटर्जी के संयासी विद्रोह पर आधारित उपन्यास आनंद मठ से यह गीत लिया गया जिसे राष्ट्रगीत के रुप में मान्यता प्राप्त है।

### तीन साहित्यकारों की कृतियों का लोकार्पण 30 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहित्यिक संस्था अमृतायन परिवार की ओर से आगामी 30 अप्रैल को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में तीन साहित्यकारों की कृतियों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संरक्षक पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि समारोह में अंधेरी रात (दोहा संग्रह- लेखक राम शंकर वर्मा), तुम भी पत्थर हो जाओगे (गीत संग्रह- लेखक पुष्पेन्द्र प्रेमी), लौट आओ फिर परिन्दों (नवगीत संग्रह- लेखक डॉ. अशोक अज्ञानी) तीन कृतियां लोकार्पित होंगी। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राम नरेश, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम सागर यादव, डॉ. राम बहादुर मिश्र (अध्यक्षता), डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर (मुख्य वक्ता), डॉ. राम सागर यादव, डॉ. रंजना अग्रहरि ( लोक गायिका), पुष्पेन्द्र प्रेमी मौजूद रहेंगे।

### नाटक वो अफसाना का मंचन एक मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम की प्रेम कथा पर आधारित सर्वाधिक चर्चित द्विपात्रीय नाटक वो अफसाना का मंचन दिल्ली के कलाकार एमबी क्लब ग्राउंड पर पहली मई की शाम करेंगे। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। हुनर क्रिएशन एण्ड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से राबता दिल्ली की इस पेशकश के बारे में संयोजक जफर नबी ने बताया कि सम्मान समारोहों और संगीत कार्यक्रमों के आयोजन के बाद एसोसिएशन लम्बे अरसे बाद नाटक मंचित करा रही है। उन्होंने बताया कि दो प्रतिष्ठित हस्तियां जिनके नाम एक साथ जुनून, नि:स्वार्थ स्नेह और एकतरफा प्रेम के साथ ही दोनों के बीच अनकहे लेकिन गहरे बंधन को दर्शाते हैं। प्रमाणित तथ्यों से प्रेरित और व्यापक शोध पर आधारित इस नाटक में उनकी कविताओं और घटनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। शमीर के निर्देशन में प्रस्तुत सुदेश सेठी और जयश्री के संकलित और एडाप्ट किये इस नाटक में वह खुद साहिर की भूमिका में मंच पर होंगे। अमृता का किरदार डॉ. जयश्री सेठी निभाएंगी। गीतों में श्रिया अरोड़ा और जावेद की आवाज होगी।

### कॉटन फैब प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध हस्तकरघा, हस्तशिल्प एवं ग्रामोद्योग समिति की ओर से "कॉटन फैब-2026" प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, विशाल खंड गोमती नगर में किया गया है। 11 मई तक प्रदर्शनी दोपहर 2 से रात 10 बजे तक चलेगी। प्रदर्शनी में देश के हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई हैं। साथ ही डांस, सिंगिंग, एक्टिंग एवं मिमिक्री जैसे सांस्कृतिक आयोजन भी हो रहे हैं। पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी 30 अप्रैल, 1, 2, 7, 8, 9 मई 2026 को शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक कार्यक्रम कराएगा। मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर योगेंद्र सिंह यादव एवं सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीतांजलि सिंह और विशेष अतिथि महुआ चटर्जी (मिसेज इंडिया 2017) रहीं।

# अनंत नगर योजना में आज से कराएं भूखंडों का पंजीयन

- एलडीए 498 भूखंडों के लिए खोलेगा ऑनलाइन पंजीकरण
- 130 एकड़ भूमि पर पार्कों व ग्रीन एरिया किया जाएगा विकसित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण अनंत नगर योजना में 498 भूखंडों के लिए 28 अप्रैल से पंजीकरण खोलेगा। 27 मई तक पंजीकरण करा सकेंगे।

आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी और भूखंडों का आवंटन लॉटरी से किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार को इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिए। उन्होंने बताया कि एलडीए मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में अनंत नगर योजना विकसित कर रहा है। इस योजना में लगभग डेढ़ लाख लोगों को आशियाना मिलेगा। योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है, जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जा रही हैं। योजना के बड़े हिस्से में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी। लगभग 130 एकड़ भूमि पर पार्कों व ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि चौथे चरण में कुल 498 भूखण्डों के लिए पंजीकरण खोला जा रहा है। इसमें 288 वर्गमीटर के 155, 200 वर्गमीटर के 178 और 162 वर्गमीटर के 165 भूखण्ड शामिल हैं।

### ऐसे करना होगा पंजीकरण

- आवेदन के लिए लोगों को एलडीए की वेबसाइट registration.ldalucknow.in पर लॉग-इन करके पंजीकरण पुस्तिका खरीदनी होगी। जिसके बाद भूखण्ड के अनुमानित मूल्य की 5 प्रतिशत पंजीकरण धनराशि जमा कराके रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सफलतापूर्वक पंजीकरण कराने वाले आवेदकों के मध्य भूखण्डों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

### अगले महीने लांच हो सकती है सौमित्र विहार योजना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** आवास विकास की न्यू जेल रोड मोहनलालगंज स्थित सौमित्र विहार योजना की लांचित की तैयारी है। अगले महीने से योजना के लिए पंजीकरण शुरू हो सकता है। पहले चरण में करीब 2,000 लोगों को योजना में भूखंड मिलेंगे। आवास विकास की 29 अप्रैल को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में इस पर फैसला हो सकता है। आवास एवं विकास परिषद मोहनलालगंज में लैंड पूलिंग पर लगभग 250 एकड़ में अपनी पहली योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना में आवास विकास किसानों को 25 प्रतिशत विकसित भूखंड दे रहा है। योजना में अपनी जमीन देने वाले काश्तकारों को परिषद 25 विकसित विकसित भूखंड दे रहा है। इसके लिए परिषद ने किसानों को भूखंडों की रजिस्ट्री शुरू कर दी है। लगभग 75 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री का काम पूरा हो चुका है। योजना में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। 29 अप्रैल को बोर्ड बैठक में निर्णय लेने के बाद परिषद योजना की लांचिंग कर सकता है। रेरा में पंजीकरण कराने के बाद परिषद योजना में भूखंडों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण खोलेगा।

### कौशल विकास मिशन केंद्र का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज में उप्र. कौशल विकास मिशन केंद्र का उद्घाटन पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरमान खान द्वारा किया गया। विद्यामणि स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संचालित इस केंद्र के जरिए युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कॉलेज के संस्थापक डॉ. डीसी श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. वीके श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट समन्वयक मोहम्मद शकील और डॉ. ब्रजमोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण से युवा आत्मनिर्भर बनेंगे।




रिटायर्ड इन्फॉर्मेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए पूर्व अधिकारी, साथ में अतिथि और आयोजक। अमृत विचार

# सूचना विभाग के पूर्व अधिकारियों को रिजवा सम्मान से नवाजा

- जस्टिस राघवेन्द्र कुमार ने पूर्व अधिकारियों को किया अलंकृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों के संगठन रिटायर्ड इन्फॉर्मेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों को रिजवा सम्मान से सम्मानित किया। पूर्व सूचना निदेशक रोहित नंदन को रिजवा अशोक प्रियदर्शी स्मृति सूचना सम्मान, पूर्व सूचना निदेशक डॉ. अनूप चंद्र पाण्डेय को रिजवा उमेश कुमार सिंह चौहान स्मृति सूचना सम्मान दिया गया। जस्टिस राघवेन्द्र कुमार ने पूर्व अधिकारियों को सम्मन से अलंकृत किया।

सूचना विभाग के प्रेक्षागृह में सोमवार को रिजवा सम्मान समारोह- 2026 का आयोजन किया गया। पूर्व सूचना निदेशक रोहित नंदन ने कहा कि अशोक प्रियदर्शी साधारण सी खबर को एक्सक्लूसिव बना देने की महारत रखते थे। उनके नाम पर सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व की बात है।

पूर्व निदेशक उमेश कुमार सिंह चौहान को भी उन्होंने याद किया। पूर्व सूचना निदेशक अनूप चन्द्र पाण्डेय ने अपने कार्यकाल की कई महत्वपूर्ण घटनाओं को उन्होंने याद किया। विजय राय ने भी विचार रखे।

### इनको भी किया गया सम्मानित

- सूचना संवर्ग के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी राज गोपाल सिंह वर्मा, अशोक कुमार शर्मा, अशोक कुमार बनर्जी, सैय्यद अमजद हुसैन, विजय राय, फौजदार माली, दिनेश कुमार सहगल, हामिद अली खां, ज्ञानवती, शिव प्रसाद भारती एवं दशरथ प्रसाद यादव को भी अलग-अलग स्मृति सूचना सम्मानों से अलंकृत किया गया। सैय्यद अमजद हुसैन, अशोक कुमार शर्मा और हामिद अली खां समारोह में शामिल नहीं हो सके। उनके सम्मान अन्य अधिकारियों ने ग्रहण किए।

## आनंद राष्ट्रीय अध्यक्ष और मृगांक बने कोषाध्यक्ष

- अभा भूतपूर्व सैनिक बैंकर्स कल्याण समिति का सम्मेलन आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अभा भूतपूर्व सैनिक बैंकर्स कल्याण समिति ने जियामऊ स्थित विश्व संवाद केन्द्र में सम्मेलन का आयोजन किया। उत्तराखंड, दिल्ली, उप्र. एवं अन्य प्रदेशों के पूर्व सैनिक बैंकर्स की मौजूदगी में आनंद राठौर को अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक बैंकर्स कल्याण समिति का अध्यक्ष व मृगांक श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष चुना गया।

राज्यवार समितियों के गठन का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि धीरज सिंह रहे। धीरेंद्र सिंह, आनंद राठौर, मृगांक श्रीवास्तव, विकाश सिंह रावत आदि ने पक्ष रखा। अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक बैंकर्स कल्याण समिति के संविधान को हरेंद्र छेत्री (दिल्ली), शंकर दत्त थपलियाल (उत्तराखंड) द्वारा पढ़ा गया।

संविधान को और अधिक कल्याणकारी बनाने के लिये अतुल कुमार, संजीव, कुंदन सिंह, एन के नियोगी, राधेश्याम सिंह, संतोष कुमार, आशुतोष पाठक, चन्द्र जीत सिंह, आदर्श उपाध्याय, विकास सिंह रावत, योगेश दीक्षित आदि ने अपने बात रखी। कार्यक्रम में शंकर दत्त थपलियाल की टीम द्वारा उत्तराखंड के कई लोकगीत प्रस्तुत किए गए।



कार्यक्रम में मौजूद अभा भूतपूर्व सैनिक बैंकर्स कल्याण समिति के पदाधिकारी।



महिला जन आक्रोश यात्रा में शामिल महानगर भाजपा अध्यक्ष और अन्य लोग। अमृत विचार

# भाजपा ने महिला जनाक्रोश पद यात्रा निकालकर बोला विपक्ष पर हमला

- पश्चिम विधानसभा में निकाली गई यात्रा में जुटी महिलाओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से सभी मंडलों में निकाली जा रही महिला जनाक्रोश पद यात्रा ने सोमवार को पश्चिम विधानसभा का रुख किया। मंडल तीन में महिला मोर्चा एवं क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा जन आक्रोश पद यात्रा में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी और महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी की उपस्थित रही। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से महिला आरक्षण के पक्ष में है, जबकि विपक्ष इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपना रहा है। विपक्षी दलों का दोहरा चरित्र देश के सामने है।

विपक्ष केवल परिवारवादी राजनीति को बचाने में लगा है। उन्हें डर है कि नारी शक्ति के सशक्त होने से उनका वंशवादी वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। विपक्ष ने षड्यंत्रपूर्वक महिलाओं के अधिकारों को रोकने का काम किया है। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि पदयात्रा में महामंत्री सत्येंद्र सिंह, अर्चना साहू, चंद्रप्रकाश अवस्थी, प्रकाश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र पांडे, विवेक श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, पार्षद रेखा सिंह, गौरी सांवरिया, बबीता शर्मा, सुनीता राजपूत, रजनी मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, रीना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नृत्य नाटिका ने किया मुग्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग उत्तर प्रदेश प्रयागराज के सहयोग से लोक संस्कृति की संस्था मुनाल के कलाकारों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सोमवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम मुनालश्री विक्रम बिष्ट के संयोजन व निर्देशन में किए गए। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दीप प्रज्ज्वलित किया तथा विभाग के 100 वर्ष पूर्ण होने पर अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि का स्वागत संयुक्त निदेशक नीरज कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना भरतनाट्यम शैली में की गई। विभा नौटियाल के निर्देशन में कृष्ण लीला तथा अवधि लोक नृत्य किया गया। लोक गायिका यशभारती ऋचा जोशी ने सरस्वती वंदना के साथ अभिनंदन गीत, बधाई व अन्य गीतों को प्रस्तुत किया। गढ़वाली लोक नृत्य दमयंती नेगी, विनोद रावत, अनीता नेगी, विनीता नेगी ने झूमेलो नृत्य प्रस्तुत किया। संगतकार ललित भट्ट, अनिल गुड़िया, मोहन बिष्ट आदि ने साथ दिया।

## सिटी डायरी



सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरज बोरा

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और परिजन का किया सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** फैजुल्लागंज के एक लॉन में सोमवार को 'वरिष्ठ कार्यकर्ता परिवार सम्मान समारोह' का आयोजन कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिवारजनों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा ने सभी को पटका पहनाकर हनुमान चालीसा भेंट की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ता और उनके परिवार संगठन की नींव हैं। विधायक ने घोषणा की कि इंटरमीडिएट तक बच्चियों की पढ़ाई की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। अंकुश बाजपेई, किशोर प्रजापति, नरेश रावत, पूरन लोधी, मुन्ना रावत, रामकिशोर चौबे, अनिल मिश्रा, रीता सिंह, गंगा प्रसाद तिवारी, विश्लेष सिंह, नैमिष शर्मा सहित आयोजन मंडल के राजू राजपूत, राम नरेश रावत, कैलाश रावत, मनीष उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### रोटरी क्लब की परियोजनाओं को सराहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोटरी क्लब लखनऊ ट्रांस गोमती में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन डॉ. आशुतोष अग्रवाल का आधिकारिक क्लब दौरा गोमती नगर स्थित एक होटल में हुआ। इसमें जुलाई- 2025 से अप्रैल- 2026 तक की गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। आशुतोष ने क्लब की परियोजनाओं की सराहना की। की अध्यक्ष पूर्वी मित्तल ने कहा कि रोटरी क्लब लखनऊ ट्रांस गोमती समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर बनाए रखते हुए आगे भी उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा। क्लब के सचिव रोटेरियन विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष रोटेरियन इला घम्बीर, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. पंकज मित्तल, कार्यकारी सचिव रोटेरियन सुधीर एस हलवासिया रहे।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।

### न्यायिक खेल महोत्सव का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में आयोजित 25वीं उत्तर प्रदेश न्यायिक अधिकारी खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। सीनियर न्यायमूर्ति राजन रॉय ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। बैडमिंटन में सौरभ मांडोई, दीक्षा यादव, जितेन्द्र सिंह-रणधीर सिंह और तान्या सिंह-विपाशा घंगोरिया विजेता रहे। टेबल टेनिस में सौरभ मंडोली, प्रज्ञा सिंह तथा वेटरन वर्ग में विकास नागर और अन्य विजेता रहे। लॉन टेनिस में कुलदीप सिंह, हितेन्द्र हरि और गौरव कुमार विजयी रहे। क्रिकेट में महिला वर्ग में ब्रज पैंथर्स और पुरुष वर्ग में यूपी जजेज जायंट्स विजेता बने।



नरेंद्र सिंह गौर के साथ मुख्यमंत्री व कुलपति साथ में अन्य।

### केजीएमयू जाकर योगी ने जाना गौर का हाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री नरेंद्र सिंह गौर चार दिन से केजीएमयू के प्राइवेट वार्ड में भर्ती हैं। सोमवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल जाकर उनका हाल जाना। अस्पताल में मेडिसिन विभाग के डॉ. दीपक भागचंदानी के निर्देशन में उनका उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें डायबिटीज, मूत्र संबंधी समस्या और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी दिक्कतें हैं।

**परोपकार** | मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के मार्गदर्शन में टीम लखनऊ ने मदद के लिए बढ़ाया कदम

# 50 अग्निकांड पीड़ितों को टीम लखनऊ ने दी सामग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विकासनगर अग्निकांड पीड़ित 50 परिवारों को सोमवार को मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली के मार्गदर्शन में टीम लखनऊ ने जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराई। अग्निकांड के बादटीम लखनऊ तथा मस्जिद अज़हर कमेटी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सर्वे किया था, जिसमें 50 परिवारों को चिन्हित किए गए थे।

इंदिरा नगर के पानी गांव स्थित टीम लखनऊ कार्यालय में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की सरपरस्ती में मौलाना काल्बे सिब्तैन नूरी, लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान, समाजसेवी मुरलीधर आहूजा, टीम लखनऊ की संरक्षक निगहत खान की परिवारों को घरेलू सामान वितरित किया। टीम लखनऊ के अध्यक्ष मुर्तुजा अली ने बताया कि अगर किसी जरूरतगंद को सामग्री चाहिए वह टीम लखनऊ के कार्यालय में संपर्क कर सकता है सेवा कार्य में टीम लखनऊ के संस्थापक सदस्य जुबैर अहमद, अब्दुल वहीद, वामिक खान, शैला ज़मां, यूपी सिख विचार मंच के अध्यक्ष गुरजीत सिंह छाबड़ा, कपिल अरोड़ा, जसबीर गांधी, तौसीफ हुसैन, खालिद इस्लाम, मो. शोएब, कुदरत खान, हलीमा अज़ीम, तबीर, शालिनी सिंह, मो. कैफ, सुफियान, असद उमर, तौसीफ आलम, खुशतर जालीश, मो. आफाक, चौधरी शादाब कुरैशी, मोहम्मद अफज़ाल, महेश दीक्षित, फहद हसन, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेश रावत तथा अमृतसर सेवा पुलिस के कर्नल राकेश कुमार की ओर से भी अग्नि पीड़ितों को सहायता प्रदान की गई।



मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के साथ टीम लखनऊ के सदस्य और लाभार्थी। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बच्चों को शुरू से धर्मग्रंथों की शिक्षा दें



डॉ. भारती गांधी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रत्येक माता पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही धर्मग्रन्थों का ज्ञान देना चाहिए और एक खुशहाल व शान्तिपूर्ण विश्व की रचना के बारे में भी चर्चा करते रहना चाहिए। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने वैचारिक-आध्यात्मिक सत्संग में कहा। सत्संग में सीएमएस के प्रथम छात्र महेश अग्रवाल समेत 70 से अधिक विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों ने प्रतिभाग कर 'विश्व एकता एवं विश्व शान्ति' पर सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा की। डॉ. भारती गांधी ने कहा कि आज मनुष्य अपने भौतिक सुखों की चाहत में अच्छे बुरे कर्मों पर ध्यान नहीं देता, जबकि अच्छी शिक्षा ही मनुष्य को अच्छे और सच्चे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है।

### सीएमएस के छात्र को ओलंपियाड में द्वितीय रैंक



अक्षत।

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कक्षा-10 के मेधावी छात्र अक्षत बरियार ने नेशनल एआई ओलम्पियाड में ऑल इण्डिया द्वितीय रैंक अर्जित किया है। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्र की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स पर आधारित इस ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था टैलेन्ट स्प्रिन्ट के तत्वावधान में किया गया। तीन चरणों के इस ओलम्पियाड में देशभर के 490 शहरों के 800 से अधिक विद्यालयों के हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्र ने ओलम्पियाड पहले दो दौर में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एआई माडल ट्रेनिंग, डेटा हैण्डलिंग एवं प्रोसेसिंग, लॉजिकल प्रोग्रामिंग, कोडिंग एवं विश्लेषणात्मक प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### संकट से मिलते हैं समाधान और विकल्प के रास्ते

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में "क्राइसिस एज कैटालिस्ट : लिटरेरी एंड डेवलपमेंटल इंटरवेंशंस" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि आलोक रंजन रहे। अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति एवं संरक्षक प्रो. जय प्रकाश सैनी ने संगोष्ठी के विषय की सराहना करते हुए इसे अत्यंत नवाचारी बताया। हैप्पी थिंकिंग लैब की निदेशिका एवं संयोजिका प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। प्रो. वैशाली सक्सेना ने ''कॉन्सेप्ट नोट'' प्रस्तुत करते हुए विश्व युद्धों, सतत विकास और एसडीजी लक्ष्यों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

### अनजान को ओटीपी आधार नंबर न बताएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर निधि सिद्धार्थ की अगुवाई में साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफेसर निधि सिद्धार्थ ने बताया कि छात्राओं ने अपने पोस्टर के जरिए प्रदर्शित किया कि किसी अनजान लिंक को शेयर ना करें। किसी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, आधार नंबर इत्यादि न बताएं। अपने बैंक अकाउंट से संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें। निर्णायक मंडल में डॉ. कीर्ति गौड़ और डॉ. वैशाली अवस्थी रहीं।

# लविवि में परास्नातक में प्रवेश के लिए 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समर्थ पोर्टल के माध्यम से दिया जाएगा प्रवेश

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश 2026-27 पाठ्यक्रमों और परास्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2026 - 27 के पंजीकरण लर्न व परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म का प्रारम्भ 27 अप्रैल को कर दिया गया है। विश्वविद्यालय व सम्बद्ध, सहयुक्त महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है वे अपना पंजीकरण करा लें। पंजीकरण शुल्क पूर्व की भांति रुपये 100 रुपए है जो बाद में प्रवेश शुल्क में समायोजित किया जाएगा। लखनऊ विश्विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाएं। वेबसाइट के पॉप अप अथवा एडमिशन पेज के दिए हुए लिंक लर्न पर क्लिक करें https://lkounivadm.samarth.edu.in रजिस्ट्रेशन के पेज पर दाहिने अंकित न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके अपना लॉगिन आइडी बनाएं। इसके लिए अभ्यर्थी अपना एक वैध ईमेल आइडी पहले से अनिवार्य रूप से बना कर रखें क्योंकि ओटीपी उसी ईमेल पर भेजा जाएगा जिसको दर्ज करके ही प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### एकेटीयू का सम सेमेस्टर रेगुलर व कैरी ओवर परीक्षा का कार्यक्रम जारी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर रेगुलर व कैरी ओवर परीक्षाओं हेतु संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा कार्यक्रम तथा परीक्षा फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा कराए जाने की तिथि भी घोषित की गई है। विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की लिखित परीक्षाएं 7 मई से 7 जून के मध्य ऑफ-लाइन मोड विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगी।

### स्थापना दिवस मनाया

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि लेखा परीक्षा विभाग लोकधन का सजग संरक्षक है। उन्होंने डिजिटल युग में विभाग की बढ़ती भूमिका का जिक्र करते हुए नवीन तकनीकों के उपयोग की ओर से ऑडिट की प्रभावशीलता और समयबद्धता बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान विभाग की स्मारिका, आधिकारिक वेबसाइट का विमोचन किया गया। 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष डाक आवरण का लोकार्पण भी किया गया। शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने के लिए विभाग की ओर से प्रदेश के कई जिलों में वृक्षारोपण, वस्त्र वितरण और जन-संवाद जैसे जनहितकारी कार्यक्रम भी हुए। विशिष्ट अतिथि चीफ पोस्टमास्टर जनरल पंकज गुप्ता समेत विभाग के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ जिला टेबल टेनिस संघ के देखरेख में 16 और 17 मई को जिला रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन यूपीटीटीए के टेबल टेनिस कॉम्प्लेक्स में होगा। इसमें पुरुष और महिला वर्ग के साथ अंडर-19, जूनियर वर्ग अंडर-17), सब-जूनियर वर्ग अंडर-15, कैडेट वर्ग अंडर-13 और होप्स वर्ग अंडर-11 में बालक और बालिका प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी 9 मई तक प्रविष्टियां मोती टीटी कॉम्प्लेक्स में एनके लाहिड़ी या मुख्य निर्णायक अमित कुमार सिंह के पास जमा कर सकते हैं।

# कराटे में लखनऊ ओवरऑल चैंपियन

## यूपी स्टेट चैंपियनशिप में वाराणसी की टीम दूसरे और गौतमबुद्ध नगर की टीम तीसरे स्थान पर रही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




ट्रॉफी के साथ लखनऊ चैंपियन टीम के खिलाड़ी, साथ में आयोजक और अतिथि। अमृत विचार

**लखनऊ**
- 29 स्वर्ण, 10 रजत, 22 कांस्य

**वाराणसी**
- 17 स्वर्ण, 14 रजत, 12 कांस्य

**गौतमबुद्ध नगर**
- 17 स्वर्ण, 10 रजत, 10 कांस्य

**अमृत विचार:** यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप में मेजबान लखनऊ की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। टीम ने 29 स्वर्ण समेत 61 पदकों पर कब्जा किया। वाराणसी की टीम दूसरे और गौतमबुद्ध नगर की तीसरे स्थान पर रही। सोमवार को हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रशांत भाटिया ने विजेताओं को पुरस्कार दिए।

कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी और कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ने चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में प्रतियोगिता का आयोजन कराया। प्रतियोगिता में पहले ही दिन से मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम रखा। मेजबान खिलाड़ियों ने सभी वर्गों में 29 स्वर्ण, 10 रजत और 22 कांस्य पदक जीते। दूसरे स्थान पर रही वाराणसी की टीम के खिलाड़ियों ने सभी वर्गों में 17 स्वर्ण, 14 रजत और 12 कांस्य पदकों पर कब्जा किया। वाराणसी ने 43 पदक अपनी झोली में डाले। 17 स्वर्ण, 10 रजत और 10 कांस्य के साथ 37 पदक जीतकर गौतमबुद्ध नगर की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह की अध्यक्षता कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने की। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह, वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के साथ समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मोनू बक्शी और आयोजन समिति के चेयरमैन संतोष कुमार जायसवाल मौजूद रहे।

### प्रदेश स्तरीय योग ओलंपियाड आज से

- **अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए योग ओलंपियाड का आयोजन मंगलवार से राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज लखनऊ में होगा। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव ने इस वर्ष ओलंपियाड के आयोजन की जिम्मेदारी संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह को दी है। जेडी की ओर से मंडलों के संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय को मंडल के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराने के लिए पत्र जारी गया था। मंडलीय क्रीड़ा सचिव विश्वजीत पाण्डेय ने बताया कि आयोजक मण्डल ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

### लखनऊ एथलेटिक्स टीम चयन के लिए ट्रायल 30 को

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में 29वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 7 और 8 मई को प्रयागराज के पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए लखनऊ टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल 30 अप्रैल को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सुबह 7 बजे से होंगे। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया 22 मई 2026 तक 18 वर्ष आयु पूरी करन रहे खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा ले सकेंगे। 22 मई 2008 या उससे पहले जन्म चयन प्रक्रिया में शामिल होने के पात्र होंगे। खिलाड़ी निर्धारित समय पर ट्रायल में उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9415027942 पर संपर्क किया जा सकता है। संघ सचिव ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी 29वीं नेशनल सीनियर फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 22 से 25 मई तक झारखंड के रांची में होगी।

# कर्मचारी परिषद ने रजिस्ट्रार के खिलाफ खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**लविवि**

- चुनाव अधिकारी नियुक्त करने से आक्रोश



**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने कुलसचिव की ओर से चुनाव अधिकारी नियुक्त करने के मामले में नाराजगी प्रगट किया है। महामंत्री डॉ. संजय शुक्ला ने आरोप लगाया कि कर्मचारी नियमावली में चुनाव अधिकारी नियुक्त करने का अधिकार कर्मचारी परिषद कार्यकारिणी और आमसभा को है। यह अधिकार कुलसचिव को नहीं है तो उन्होंने चुनाव अधिकारी कैसे नियुक्त कर दिया है। कर्मचारी परिषद कार्यकारिणी के गठन और भंग करने का अधिकार भी आम सभा को है। महामंत्री ने कुलसचिव पर लगातार कर्मचारी हितों की अनदेखी करने का भी आरोप मढ़ा।

महामंत्री डॉ. संजय शुक्ला ने आरोप लगाए कि विभिन्न समितियों द्वारा महीनों पूर्व संस्तुति करने के बाद भी कुलसचिव मामले को टाल रही थी, जिसमें मृतक आश्रित नियुक्ति, वेतनमान, एसीपी, डीपीसी और विनियमितीकरण आदि प्रमुख है। उत्तर प्रदेश शासन और मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रहा है।

### कुलपति के साथ बैठक हुई स्थगित

- कुलसचिव की ओर से 28 अप्रैल को कर्मचारियों की समस्या के मद्देनजर एक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के लिए जारी आदेश में समय का उल्लेख न होने के कारण कुलपति ने मीटिंग स्थगित कर दी है। महामंत्री डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि कुलसचिव कर्मचारियों को लेकर इतना संवेदनहीन है कि कुलपति की अध्यक्षता में होने वाली मीटिंग में समय तक नहीं लिखा था। जिसके कारण मीटिंग स्थगित की गई।

# शिवानी कप ओपन चेस में स्पर्श यादव बने विजेता

## प्रथम विजेता को 51,000, द्वितीय को 35,000 और तृतीय को 25,000 रुपये दिए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




प्रतीकात्मक चेक और ट्रॉफी लिए विजेता खिलाड़ी, साथ में आयोजक और अतिथि।

**अमृत विचार :** मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल में आयोजित 46वें शिवानी कप स्पेशल ओपन चेस टूर्नामेंट में प्रयागराज के स्पर्श यादव ने ओपन वर्ग का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने विजेताओं को नकद पुरस्कार, पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए। 2,22,222 रुपये इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में 12 राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

ओपन वर्ग के अंतिम राउंड के बाद स्पर्श यादव, मोहम्मद हसनैन सिद्दीकी और मेरठ के गोपाल कृष्ण माहेश्वरी के समान 6.5-6.5 अंक रहे, लेकिन बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर स्पर्श यादव विजेता घोषित किए गए। हसनैन सिद्दीकी दूसरे और गोपाल कृष्ण माहेश्वरी तीसरे स्थान पर रहे। एस विग्नेश और गौतम संतोष 6-6 अंकों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। अनरेटेड श्रेणी में वाराणसी के केशव सिंघल 5.5 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे, जबकि दिल्ली के शुभम सिंह और प्रबल सिंह 5-5 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-14 वर्ग में अप्रतिम शुक्ला, लक्ष्य निगम और विश्वादित्य अवस्थी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। ओपन वर्ग में प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 35,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 25,000 रुपये दिया गया। शिवानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सीईओ सुधीर दुबे ने विजेताओं की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक मार्कण्डेय दुबे, फाउंडर चेयरपर्सन सत्यभामा दुबे और निदेशक अंशिका दुबे भी मौजूद रहीं।

## सिटी डायरी

### शकुंतला विवि की छात्रा ने चेक रिपब्लिक में दो पदक जीते




स्वर्ण विजेता संजना कुमारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा संजना कुमारी ने चेक पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2026 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर देश और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता चेक गणराज्य में 14 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बीबीए की छात्रा संजना ने एसएल-03 वर्ग में भाग लेते हुए कड़े मुकाबलों के बीच शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने एकल स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया, मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता से लौटने के बाद विश्वविद्यालय में संजना का स्वागत कर कुलपति आचार्य संजय सिंह, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. पी. राजीवनयन ने बधाई दी।



विधिक सहायता शिविर के दौरान विधि छात्र।

### जिला जेल में कैदियों को किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर लगाया। विद्यार्थियों ने सर्कल संख्या 5 का निरीक्षण किया, अल्प अवधि के लिए निरुद्ध बंदियों को रखा जाता है। छात्रों ने बंदियों की जीवन-स्थितियों एवं कारागार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। टीम ने वहां उपस्थित लोगों के लिए विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन विधिक संकाय के अधिष्ठाता प्रो. आरके वर्मा, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, सहअध्यक्ष डॉ. अनुरोध उपाध्याय, जिला कारागार के जेलर, अजय कुलवंत, जेल अधीक्षक, ऋत्विक प्रियदर्शी, जेल उपाधीक्षक, संतोष द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ।



मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड में चयनित छात्र-छात्राएं।

### तरुण भारत संघ में छात्रों को मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संरक्षण, सतत आजीविका, जलवायु परिवर्तन एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाला गैर सरकारी संगठन तरुण भारत संघ लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर नियुक्ति करेगा। उन्हें जयपुर में कार्य करने का अवसर मिलेगा। लविवि के 9 बीटेक छात्रों का मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड में चयन हुआ है। विवि के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) 2026 बैच के 9 मेधावी छात्रों का चयन कंपनी मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड में हुआ है। ये जानकारी प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने दी।




शिविर में आए मरीजों की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

### स्वास्थ्य शिविर में 134 ने कराई जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में पुराना दाऊद नगर, फैजुल्लागंज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और सामान्य शारीरिक जांच की। इसके साथ ही 52 लोगों के नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में आए कुल 134 लोगों ने अपनी जांच कराकर विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

**गुर सीखे** | सीएसआईआर-सीमैप में औषधीय व सगंध पौधों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# 11 राज्यों के किसान ले रहे औषधीय पौधों की खेती का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सीएसआईआर-सीमैप में प्रशिक्षक लेते विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीमैप) में "आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण औषधीय व सगंध पौधों पर चार दिवसीय कौशल एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 11 राज्यों से कुल 55 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। जो औषधीय एवं सगंध फसलों के प्रति बढ़ती राष्ट्रीय रुचि को दर्शाता है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. ज़बीर अहमद ने औषधीय एवं सगंध पौधों के महत्व, भविष्य की संभावनाओं तथा किसानों की आय वृद्धि में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धन एवं बाज़ार संपर्क को बढ़ावा देने पर जोर दिया तथा प्रतिभागियों को नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक एवं उत्कृष्ट वैज्ञानिक, सीएसआईआर डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने किसानों के साथ समन्वित कार्यों के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सीएसआईआर-सीमैप के योगदान को रेखांकित किया। डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न तकनीकी सत्रों, फील्ड विजिट एवं प्रायोगिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। इससे पूर्व डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने संस्थान की व्यवसाय विकास गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रतिभागियों को स्टार्टअप, विपणन एवं व्यावसायिक अवसरों का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋषिकेश एन. भिसे द्वारा किया गया।

### इन पौधों की दी गई जानकारी

- प्रतिभागियों को सीमैप की गतिविधियों के साथ-साथ लेमनग्रास, गुलाब, पचौली, सिट्रोनेला, मेंथा एवं तुलसी जैसी प्रमुख सगंध फसलों की उन्नत कृषि तकनीकों, आसवन एवं मूल्य संवर्धन की जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को वैज्ञानिक ज्ञान, व्यावहारिक कौशल एवं उद्यमिता के अवसर प्रदान कर देश में औषधीय एवं सगंध फसलों के व्यापक प्रसार में सहायक सिद्ध होगा।